चलो देख आएं नन्द घर लाला हुआ लिरिक्स

चलो देख आएं नन्द घर लाला हुआ लिरिक्स

चलो देख आएं नन्द घर लाला हुआ,

यह तो नन्द जी के कुल का उजाला हुआ।

देखो सब ग्वाल बाल, चले होके खुशिहाल,

संग बईया गल डाल, नाचे दे दे के ताल, \

सब मिलझुल कहें गोप ग्वाला हुआ,

चलो देख आएं नन्द घर लाला हुआ।

बाजे शंख घड़ेयाल, जनम लीनो गोपाल,

सखी ब्रिज में सब ग्वाल,

कहें जय जय गोपाल, झूले अंगना में पलना है डाला हुआ,

चलो देख आएं नन्द घर लाला हुआ ॥

प्रगटे बृज में बृजराज, करने भक्तों के काज,

आया सारा समाज, दर्शन करने को आज,

सुख नेनो को पहुचाने वाला हुआ, चलो देख आएं नन्द घर लाला हुआ।

देखो गोकुल की ओर, कैसे नाच रहे मोर,

छाए बादल घनघोर, बोले पची करे छोर,

बर्षा आनंद की बरसाने वाला हुआ,

चलो देख आएं नन्द घर लाला हुआ।